# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

26 July 2023

Follow us on



B.N. Dubey
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam

Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

## 26 जुलाई का इतिहास

- **1614 :** जहाँगीर ने मेवाड़ के राणा का स्वागत किया।
- **1876 :** कलकत्ता में इंडियन एसोसिएशन की स्थापना हुई।
- **2007 :** पाकिस्तान ने परमाणु शक्ति संपन्न क्रूज मिसाइल बाबर हत्फ-7 का सफल परीक्षण किया।
- **2008 :** यूरोपीय वैज्ञानिकों ने सौरमंडल के बाहर एक और नये ग्रह की खोज की।
- **2008 :** गुजरात के अहमदाबाद शहर में 21 धमाके हुए। इस हादसे में 56 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा जख्मी हुए।

## 26 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत सरकार ने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने वित वर्ष 2023-2024 के लिये वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए निर्यात लक्ष्यों की घोषणा के साथ टारगेट रेंज अप्रोच अपनाने का निर्णय लिया हैं। भारत की नई विदेश व्यापार नीति, 2023 के अनुसार भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का कुल निर्यात लक्ष्य हासिल करना हैं, जिसमें सेवाओं और वस्तुओं के निर्यात का योगदान एक ट्रिलियन डॉलर का होगा।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने उत्तर प्रदेश के एक बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया हैं। ग्राहक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय बैंक ने यह फैसला लिया हैं। आरबीआई ने यूपी के उत्तर प्रदेश के नगीना के बिजनौर के यूनाइटेड इंडिया को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड का बैंकिंग लाइसेंस रद्द कर दिया हैं। यह यूपी का सहकारी बैंक है।
- सेमीकंडक्टर परिवेश के संयुक्त विकास और अपनी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बनाए रखने के लिए जापान ने भारत के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसी के साथ जापान इस क्षेत्र में समझौता करने वाला अमेरिका के बाद दूसरो क्वाड साझेदार बन गया हैं।
- भारत ने काला सागर अनाज पहल जारी रखने में संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों के प्रति समर्थन व्यक्त किया हैं और मौजूदा गतिरोध का शीघ्र समाधान होने की उम्मीद जताई हैं। इससे एक दिन पहले ही रूस ने घोषणा की थी कि वह युद्ध के दौरान यूक्रेनी बंदरगाह से खाद्यान्न एवं उर्वरकों के निर्यात की अनुमति देने संबंध समझौते का क्रियान्वयन रोक रहा हैं।
- टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर ने एड्रियन मार्डेल को तीन साल के कार्यकाल के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुकत किया हैं। टाटा मोटर्स ने शेयर बाजारों को भेज सूचना में कहा कि उन्हें 16 नवंबर 2022 को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया था और वह तीन साल पहले जेएलआर के निदेशक मंडल के सदस्य थे।
- राकेश पाल को भारतीय तटरक्षक बल के 25वें महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया हैं। वह भारतीय नौसेना अकादमी के पूर्व छात्र हैं और जनवरी 1989 में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल हुए थें।
- भारत मौसम विज्ञान विभाग ने हीट इंडेक्स लॉन्च किया हैं। हीट इंडेक्स उन क्षेत्रों के लिए सामान्य मार्गदर्शन प्रदान करेगा जहां तापमान अधिक होगा। हीट इंडेक्स उच्च तापमान पर आर्द्रता के प्रभाव और मनुष्य द्वारा महसूस किए जाने वाले तापमान के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। इसे आंध्रप्रदेश समेत पूरे देश में लागू किया जा रहा हैं।
- राष्ट्रपति ने चार नए उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की। न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल गुजरात उच्च न्यायालय की नई मुख्य न्यायाधीश बनी। वह वर्तमान में उच्च न्यायालय की एकमात्र महिला मुख्य न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति सुभासिस तालापात्रा को उडीसा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया हैं। वह 7 अगस्त 2023 को कार्यभार संभालेंगे।
- भारत सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से पशुधन क्षेत्र के लिए एक अग्रणी क्रेडिट गारंटी योजना शुरू की हैं। यह उन्हें वित्तीय सहायता और ऋण सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करता हैं।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्रामीण आवास न्याय योजना शुरू की। ग्रामीण आवास न्याय योजना को राज्य सरकार द्वारा वित पोषित किया जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य में बघेर ग्रामीण लोगों को घर उपलब्ध कराना हैं। ग्रामीण आवास न्याय योजना पंचायत ओर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए गए नए सर्वेक्षण के आधार पर गरीब परिवारों को कवर करेगी। राज्य सरकार ने ग्रामीण आवास न्याय योजना 2023 के लिए 100 करोड़ रूपये आवंटित किए हैं।
- केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री श्री किरने रिजिजू ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के तत्वावधान में प्रायोगिक आधार पर ऊष्मा सूचकांक जारी किया हैं। हीट इंडेक्स उन क्षेत्रों के लिए जारी किया गया है, जहां तापमान अधिक हैं। वर्तमान में हीट इंडेक्स ऊष्मा सूचकांक समीकरण का उपयोग करके प्राप्त किया जाता हैं।
- अंशुमन झिंगरन नॉर्थ चैनल पार करने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने केवल 18 साल ओर 125 दिन की उम्र में नॉर्थ चैनल पार किया।

# BABA PSYCHO

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. कारगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 25 जुलाई (B) 26 जुलाई
(C) 27 जुलाई (D) 28 जुलाई

**(B)** सन् 1999 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के सम्मान में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता हैं। इस युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तानी सेना के कब्जे से जम्मू और कश्मीर की कारगिल की ऊंची चोटियों को आजाद कराया था। लगभग 2 महीने तक चले इस युद्ध में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ते हुए कारगिल की चोटियों पर जीत का झंडा पहराया था।




**2. हाल ही में 500 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले इतिहास के 10वें खिलाड़ी कौन बन गए?**

(A) विराट कोहली (B) राहुल द्रविड़
(C) शाहिद अफरीदी (D) महेंद्र सिंह धोनी

**(A)** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली ने 500 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले इतिहास के 10वें क्रिकेटर बनकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। वेस्टइंडीज के विरूद्ध दूसरा टेस्ट मैच खेलने के साथ ही विराट कोहली के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई। भारत और वेस्टइंडीज के बीच पोर्ट आफ स्पेन में खेला जा रहा 100वां टेस्ट मैच कोहली का 500वां अंतर्राष्ट्रीय मैच है।




**3. हाल ही में कौनसा राज्य सरकार 948 विरासत वृक्षों के सौंदर्यीकरण के लिए कार्य करेगी ?**

(A) महाराष्ट्र (B) राजस्थान
(C) मध्यप्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

**(D)** योगी सरकार विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना के तहत राज्य के 948 विरासत वृक्षों का सौंदर्यीकरण करेगी। 100 वर्ष से अधिक पुराने पेड़ों की 28 प्रजातियों को विरासत वृक्ष के रूप में नामित किया गया हैं। ये पेड़ राज्य के सभी 75 जिलों में फैले हुए हैं। वाराणसी में सर्वाधिक 99, प्रयागराज में 53, हरदोई में 37, गाजीपुर में 35 और उन्नाव में 34 विरासत वृक्ष हैं।




**4. हाल ही में दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन कहां बनेगा ?**

(A) जापान (B) भारत
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) अमेरिका

**(B)** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन को पीछे छोड़कर भारत में अब दुनिया का सबसे बड़ा कार्यालय भवन होगा। 80 वर्षो तक, पेंटागन दुनिया की सबसे बड़ी कार्यालय इमारत थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 15 मंजिला यह इमारत 35 एकड़ भूमि में फैली हुई है और इसमें नौ आयताकार संरचनाएं बनी हैं।



**5. हाल ही में ओप्पो इंडिया ने किस राज्य में पहली पीपीपी-मॉडल अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की ?**

(A) केरल (B) छत्तीसगढ़
(C) जम्मू-कश्मीर (D) गोवा

**(A)** नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के साथ ओप्पो इंडिया के सहयोग ने पहली अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना की जो पीपीपी मॉडल पर आधारित हैं। ओप्पो इंडिया ने नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के सहयोग से केरल में पहली पीपीपी मॉडल अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की।




BABA PSYCHO

**6. हाल ही मे कौन फिल्मफेयर पुरस्कारों के 69वें संस्करण की मेजबानी करेगा ?**

(A) गुजरात (B) ओडिशा

(C) हरियाणा (D) महाराष्ट्र

**(A)** गुजरात सरकार ने 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स की मेजबानी के लिए टाइम्स ग्रुप की वर्ल्डवाइड मीडिया के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए हैं। इस खास मौके पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि इससे राज्य में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह पहला मौका होगा जब राज्य में सिनेमा की दुनिया का इतना बड़ा जलसा होगा।




**7. हाल ही में किस राज्य सरकार ने तेंदू पत्ता श्रमिकों के लिए 56 करोड़ रूपये की वितीय सहायता की घोषणा की है ?**

(A) केरल (B) कर्नाटक

(C) ओडिशा (D) तमिलनाडु

**(C)** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में तेंदू पत्ता तोड़ने वालों और बांधने वालों के लिए 2022 फसल वर्ष के तीसरे चरण में 56 करोड़ रूपये की अतिरिक्त वितीय सहायता की घोषणा की हैं। इस वितीय सहायता से तेंदूपत्ता तोड़ाई एवं बाइंडिंग में लगे 8 लाख से अधिक हितग्राही लाभान्वित होंगे।



**8. हाल ही में भारतीय ओलंपिक संघ ने किस रेसलर को एशियाई खेलो के ट्रायल से छूट दे दी है ?**

(A) रवि दहिया (B) बजरंग पुनिया

(C) योगेश्वर दत (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** एशियाई खेलों के लिए पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट को ट्रायल में छूट देने के मामले में लगातार विवाद बढ़ रहा हैं। पहलवान अंतिम पंघाल और सुजीत कलकल ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर कर ट्रायल की मांग की थी। इसके साथ ही बजरंग और विनेश को छूट देने को गलत बताया था।



**9. निम्न में से किसे हाल ही में ब्रिटेन का प्वाइंट ऑफ लाइट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ?**

(A) मोक्ष रॉय (B) अनिकेत गुप्ता

(C) अनीता जैन (D) डेनिस ली

**(A)** भारतीय मूल की सात साल की एक बच्ची को पर्यावरण की मदद करने में उसके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री का प्वाइंट ऑफ लाइट पुरस्कार मिला हैं। मोक्ष रॉय ने माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र स्थिरता पहल के लिए स्वेच्छा से काम करना शुरू कर दिया जब वह केवल तीन साल की थी।



**10. हाल ही में किस देश ने रिकॉर्ड 190 संशोधनों के साथ भ्रष्टाचार विरोधी विधेयक पारित किया है ?**

(A) बांग्लादेश (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) श्रीलंका (D) रूस

**(C)** श्रीलंकाई संसद ने रिकॉर्ड 190 संशोधनों के साथ भ्रष्टाचार विरोधी विधेयक पारित किया। विशेष रूप से इस विधेयक पर विभिन्न व्यक्तियों, संगठनों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा व्यापक चर्चा की गई थी। बहस के समिति चरण के दौरान सता पक्ष और विपक्ष दोनों द्वारा 190 संशोधन प्रस्तावित किए गए थे।

